भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *251

जिसका उत्तर 08.08.2024 को दिया जाना है

हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास

*251. श्री धर्मबीर सिंह:
श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दस वर्षों के दौरान हरियाणा में, विशेषत: भिवानी-महेंद्रगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान हरियाणा में, विशेषत: भिवानी-महेंद्रगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) भिवानी-महेंद्रगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों सहित हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई का ब्यौरा क्या है; और

(घ) हरियाणा में चल रही सभी राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेसवे परियोजनाओं का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है तथा उनकी आधारशिला रखे जाने की तारीख क्या है और उन पर कितनी लागत आई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के संबंध में श्री धर्मबीर सिंह और श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा दिनांक 08.08.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 251 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) विगत दस वर्षों के दौरान, हरियाणा राज्य में 21 सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) घोषित किया गया है, जिनमें से 7 राष्ट्रीय राजमार्ग भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरते हैं।

(ख) उक्त अवधि के दौरान, हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 50,433 करोड़ रुपये आबंटित/व्यय किए गए हैं, जिसमें भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल है। निधियों का आबंटन राज्य-वार किया जाता है, इन्हे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रवार आबंटित नही किया जाता है लेकिन राज्य-वार और एजेंसी-वार (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड) किया जाता है।

(ग) हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 3394 किमी है, जिसमें भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाले राजमार्ग भी शामिल हैं।

(घ) वर्तमान में हरियाणा राज्य में 43,646 करोड़ रुपये की पूंजीगत लागत से 35 राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेसवे परियोजनाएं चल रही हैं। इन सभी परियोजनाओं का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति, शिलान्यास की तिथि और उन पर होने वाली लागत अनुबंध-I में दी गई है।

अनुबंध-।

'हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास' के संबंध में श्री धर्मबीर सिंह और श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा दिनांक 08.08.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 251 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र. सं.	**हरियाणा में रारा/एक्सप्रेसवे परियोजनाओं का नाम**	**लंबाई**	**टीपीसी (कुल पूंजीगत लागत)**	आधारशिला रखे जाने की तारीख **(एफएसएल)**	**31.07.2024 तक परियोजना पर हुआ व्यय (करोड़ रु. में)**
1)	रारा-352ए के गोहाना-सोनीपत खंड को 4 लेन का बनाना	38.24	1882.46	-	1033.71
2)	जींद-गोहाना (ग्रीनफील्ड) को 4 लेन का बनाना, पैकेज-1	40.60	1531.90	-	954.95
3)	रारा-352 के रोहतक-जींद खंड को 4 लेन का बनाना	48.60	860.38	-	312.19
4)	दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज-1) एनई-5	34.00	2309.55	-	1243.10
5)	दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज-2) एनई-5	26.80	1718.54	-	963.74
6)	दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज-3) एनई-5	30.60	1430.88	-	1015.45
7)	दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज-4) एनई-5	28.85	1307.00	-	942.22
8)	दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज-5) एनई-5	37.37	1741.90	-	1113.70
9)	जगाधरी - एचआर/एचपी सीमा तक को 4 लेन बनाना (पोंटा साहिब)	32.51	1265.10	-	162.65
10)	रारा-344जीएम के शामली-अंबाला तक 6 लेन ग्रीनफील्ड (पैकेज-1)	46.12	1843.60	11.03.2024	798.57
11)	रारा-344जीएम शामली-अंबाला का 6 लेन ग्रीनफील्ड (पैकेज-2)	38.90	1554.20	11.03.2024	542.43
12)	रारा-344जीएम शामली-अंबाला का 6 लेन ग्रीनफील्ड (पैकेज-3)	37.39	1491.70	11.03.2024	587.36
13)	रारा-152जी के जलबेहरा-शाहबाद (साहबाद-थोल) खंड को 4 लेन का बनाना	22.85	927.22	-	352.51
14)	रारा-7 और रारा-344 के अंबाला-कालांब खंड को 4 लेन का बनाना	33.00	1183.70	-	408.95
15)	रारा-44 पर 6 लेन का करनाल रिंग	34.50	1691.50	20.06.2023	840.07

	रोड				
16)	रारा-44 पर 6 लेन अंबाला रिंग रोड	22.52	1088.60	20.06.2023	317.20
17)	रारा-152 पर 4 लेन इस्माइलाबाद-अंबाला	42.50	609.32	-	70.22
18)	रारा-148बी के भिवानी-हांसी खंड को 4 लेन का बनाना	42.93	1322.13	11.03.2024	316.44
19)	प्रस्तावित रेवाड़ी बाईपास का निर्माण, रारा-11	14.40	1217.91	14.07.2020	804.26
20)	रारा-48 (पुराना रारा-8) पर किमी 42.700 से किमी 107.100 तक 6 लेन गुड़गांव-कोटपुतली-जयपुर खंड पर सुदृढ़ीकरण/परतीकरण	58.79	364.59	11.03.2022	260.73
21)	रारा-352डब्ल्यू के किमी 0.00 से किमी 43.87 तक गुड़गांव - पटौदी - रेवाड़ी का 4/6 लेन	46.11	1800.51	14.07.2020	1054.96
22)	द्वारका एक्सप्रेसवे- दिल्ली/हरियाणा सीमा - गुरुग्राम आरओबी के प्रारंभ तक (पैकेज 3)	10.20	2228.00	08.03.2019	1613.65
23)	द्वारका एक्सप्रेसवे-रारा-8 तक आरओबी - एसपीआर इंटरसेक्शन (पैकेज 4)	8.76	1859.00	08.03.2019	1332.23
24)	डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास, बदरपुर बॉर्डर तक स्पर सहित रारा-148एनए के किमी. 9.00 से किमी. 33.00 तक	24	1387.20	01.03.2019	1078.73
25)	डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक, रारा-148एनए से जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक ग्रीनफील्ड संपर्कता	31.43	2414.67	-	949.62
26)	4- लेन यूईआर-II का निर्माण, पीकेजी-4, एनएच 344पी	29.60	1918.00	-	1129.00
27)	दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (किमी 18+500 से 47+000) (पैकेज- 02)	28.50	2252.75	8-03-2019	1871.50
28)	दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (किमी 47+000 से 78+800) (पैकेज- 03)	31.80	1935.61	8-03-2019	1228.50
29)	रारा-21ए, 105 पर किमी 0.00 से 7.70 तक चार लेन पिंजौर बाईपास का निर्माण	7.70	170.27	-	109.36

30)	अंबाला जिले में अंबाला-लुधियाना रेलवे लाइन के अंबाला में मौजूदा 2-लेन आरओबी के समानांतर एनएच आरडी 1.800 पर 2 लेन आरओबी का निर्माण एनएच -65	आरओबी	19.51	-	7.41
31)	पंचकूला जिले में रारा-21ए और 105 पर अंबाला-कालका रेलवे लाइन के किमी 204/6-204/7 पर पिंजौर में लेवल क्रासिंग सं. 138बी पर एनएच आरडी 1.460 पर 2 लेन आरओबी का निर्माण	आरओबी	38.71	-	26.05
32)	लोहारू में रारा-709 विस्तार के किमी 181 पर मौजूदा लेवल क्रॉसिंग एलसी-सी124 के स्थान पर आरओबी और इसके पहुंचमार्गों का निर्माण	आरओबी	51.27	-	38.00
33)	ईपीसी मोड पर हरियाणा राज्य में सिवानी कस्बे के पास रारा-65 (नया रारा-152) पर किमी 221.050 पर मौजूदा लेवल क्रॉसिंग संख्या सी-23/टी-2 के स्थान पर आरओबी और इसके पहुंचमार्गों का निर्माण	आरओबी	43.34	-	11.76
34)	वर्ष 2021-22 के लिए हरियाणा राज्य में एनएच डिवीजन गुड़गांव के तहत रारा-71बी (नया 919) के किमी 47.100 से 49.350 और किमी 64.00 से 78.940 तक सड़क का सुदृढ़ीकरण	17.19	34.91	-	29.49
35)	रारा-148बी (सुरेवाला मोड़ से हरियाणा/पंजाब सीमा तक) पर किमी 197.27 से किमी 225.610 तथा किमी 241.50 से किमी 243.300 तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन में चौड़ीकरण	30.1	149.63	-	15.5

*****